कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दिनांक : 08/11/2024

## // प्रेस विज्ञप्ति //

# डॉ. ऋचा ठाकुर संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य बनी

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लगातार 30 वर्षों तक नृत्य विभाग में सेवाएँ देने के बाद अब शासन द्वारा उनकी नृत्य प्रतिभा को सम्मानित करते हुए प्राचार्य पद पर पदोन्नति के आदेश जारी किये है। नवीन संगीत महाविद्यालय की जिम्मेदारी डॉ. ऋचा ठाकुर को दी गई है।

डॉ. ऋचा ठाकुर लोक सेवा आयोग के माध्यम से 1993 में सहायक प्राध्यापक (भरत नाट्यम) के पद पर चयनित हुई एवं लगातार शोध कार्यों एवं प्रदर्शन कला में संलग्न रही है। 2016 में वह प्राध्यापक के रूप में पदोन्नत हुई।

कन्या महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने बताया कि महाविद्यालय के विकास में उनकी हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रदर्शनात्मक कला में लगभग 40 शोधपत्र प्रकाशित हो चुके है एवं राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर आपकी नृत्य प्रस्तुति हुई है। छः विद्यार्थियों ने आपके मार्गदर्शन में शोध कार्य किये हैं।

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय से कार्यमुक्त होकर शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर महाविद्यालय के परिसर में संचालित शासकीय नवीन संगीत महाविद्यालय में पदभार ग्रहण कर चुकी है। कन्या महाविद्यालय के पूरे स्टॉफ एवं छात्राओं ने उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि उनके जाने से रिक्त हुये पद पर अतिशीघ्र अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति की जोयेगी। इस क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल छात्रायें महाविद्यालय में आवेदन कर सकती है।



*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)**
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)